बिहार सरकार

# शिक्षा विभाग।

# आम सूचना

**मुख्यमंत्री बालक/बालिका प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग मेधावृत्ति योजना तथा मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति मेधावृत्ति योजना हेतु बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित वर्ष 2022, 2023 एवं 2024 में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण लाभुकों को प्रोत्साहन राशि दिये जाने के संबंध में।**

**आवेदन करने की अंतिम तिथि : 30.सितम्बर 2025**

√. वर्ष 2022, 2023 एवं 2024 में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण छात्र/छात्रा की सूची NIC द्वारा विकसित MedhaSoft पोर्टल पर लाभुकों की सूची पूर्व में ही अपलोड कर दी गयी थी।

√. समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि कतिपय कारणों से बहुत सारे पात्र लाभुकों द्वारा ekalyan पोर्टल पर Login कर रजिस्ट्रेशन नहीं किया गया है।

√. वैसे पात्र लाभुक जिन्होने MedhaSoft पोर्टल पर Login कर अपना रजिस्ट्रेशन नहीं कराये है उन्हे दिनांक–30.09.2025 तक रजिस्ट्रेशन कराने का अंतिम मौका दिया जा रहा है।

√. वर्ष 2022, 2023 एवं 2024 के वैसे पात्र लाभुक जिन्होने रजिस्ट्रेशन नहीं किया है वे NIC द्वारा विकसित MedhaSoft पोर्टल www.medhasoft.bihar.gov.in के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर सकते है।

√. रजिस्ट्रेशन के समय दर्ज कराई करायी गई सूचनाओं के सत्यापन के बाद छात्र/छात्रा के रजिसर्टड मोबाइल नं0 तथा ईमेल आईडी पर यूजर आईडी एवं पासवर्ड उपलब्ध होगा।

√. यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त होने के बाद छात्र/छात्रा पुनः पोर्टल पर लॉग इन करके फार्म भर सकती हैं।

√. ध्यान रहे की बैंक खाता पात्र छात्र/छात्रा के अपने नाम से खुला होना चाहिए तथा यह खाता राष्ट्रीकृत बैंक मान्यता प्राप्त निजी बैंक अथवा इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के बिहार में अवस्थित किसी शाखा में संचालित होना चाहिए।

√. यदि पात्र लाभुक दिनांक–30.09.2025 तक अपना रजिस्ट्रेशन नहीं करते है तो यह समझा जायेगा कि वे योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक नहीं है तथा दिनांक–30.09.2025 के पश्चात् उन्हें अलग से मौका नहीं दिया जायेगा।

√. किसी भी प्रकार की तकनीकी सहायता के लिए मोबाइल नं0 9534547098, 8986294256 एवं **ईमेल आई0 डी0–mkuymatric2022@gmail.com** पर सम्पर्क कर सकते है।

**विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।**

**PR- 014974 ( Education ) 2025-26**

**निदेशक, प्राथमिक शिक्षा–सह–नोडल पदाधिकारी, DBT, शिक्षा विभाग, बिहार पटना।**

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**